**समस्या** सत्र नया, हालात वही पुराने

# छात्रों को बैठने की समस्या,17 प्राथमिक, 4 मिडिल स्कूल कंडम स्थिति में

**नवभारत,नरसिंहपुर,तेंदूखेड़ा।** विगत 16 जून से पुन: नये शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हो गया है। शिक्षक भी विद्यालय में पहुंच कर नव प्रवेशित बच्चों को पुस्तक वितरण के साथ दाखिला देने स्थानांतरण प्रमाणपत्र देने में व्यस्त देखे जा रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण विषय तो यह है कि भले ही 2026 -27 का शुभारंभ हो गया है। लेकिन चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत हालात अभी वही पुराने बनें हुए हैं। बरसात के दिनों में रिसते शाला भवन टायलेट की समस्या शाला भवनों में विचरण करते हुए जंतुओं और शिक्षकों की कमी मुख्य रुप से समस्याएं हावी हैं।



## स्कूलों में विचरण करते हैं जहरीले जंतु

विगत वर्षों में भी उक्त समस्याओं को लेकर अधिकारियों को समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया गया था लेकिन कागजी घोड़े ही दौड़ा कर इति श्री हो गई थी। आंकड़े बताते हैं कि विकास खंड में 21 शालायें जर्जर स्थिति में चिन्हित की गई हैं। जिनमें 17 प्राथमिक शालायें तथा 04 मिडिल स्कूल प्रमुख रुप से शामिल हैं इन भवनों की डिस्मेंटल कार्यवाही शुरू हो गई है और जिला प्रशासन ने भी जर्जर शालाओं में छात्रों को ना बैठने देने स्पष्ट रूप से निर्देश दे दिए हैं। जिन शालाओं में हालात काफी गंभीर बनें हुए हैं उन स्कूलों में वैकल्पिक तौर पर बैठने की व्यवस्था भी जिला अधिकारियों के निर्देशन में तय होगी। हमारे प्रतिनिधि के द्वारा चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक शालाओं की स्थिति को काफी नजदीक से देखा है।यहां के शिक्षक भवन के ऊपर पनी डालकर ऊपर के पानी को रोकते हैं। फिर भी पानी दीवाल के सहारे नीचे फर्श तक आ ही जाता है। यहां पर जहां बच्चों को बैठने की गंभीर समस्या तो बनीं ही हुई है वहीं सबसे बड़ी समस्या विद्यालय परिसर का किचिन रुम खंडहर में तब्दील हो गया है। और यहां पर आये दिन जहरीले सांप गुहेरे और बिच्छू खुलेआम विचरण करते हुए देखे सुने जा सकते हैं। यही स्थिति ग्राम दूपखेडा में संचालित प्राथमिक शाला में चारों तरफ से पानी का रिसाव होता है। बच्चों को बैठने तक जगह नहीं बचती है। यहां पर मात्र तीन बच्चे ही अध्ययन किया करते हैं।इसी भवन में आंगनवाड़ी भी लगा करती है।देवरी राजमार्ग हायर सेकंडरी स्कूल भवन में बीचोंबीच पानी का भराव हो जाने के कारण छात्रों को आवागमन में परेशानी हुआ करती है।

## टूटे पड़े शौचालय परिसर

छात्रों को टायलेट शौचालयों की व्यवस्था हेतु शासन के द्वारा पिछले सालों में पर्याप्त राशि मुहैया कराई गई थी।

### कहां बैठेंगे छात्र

लेकिन ग्रामीणों की अनदेखी और निर्माण कार्य कराने वाले जबाब दारों की मनमानी के चलते ग्रामीणों क्षेत्रों में शौचालय कंडो के बिठा बनें हुए हैं तो शौचालय चौक होने नाली और पानी की समस्यायों के चलते टूटे पड़े गेटों के कारण छात्रों को बाहर निस्तार के लिए जाना मजबूरी बनीं हुई है। विकासखण्ड के ऐसे बहुत से स्कूल भवन है जिनके निर्माण कार्य को अभी तीन साल भी नहीं हुये हैं और उनकी दीवालें दरकने से लेकर विसंगति ही विसंगति देखनें को मिला करती हैं। सबसे बड़ा सोचनीय विषय तो यह है कि जिन शालाओं को जर्जर घोषित कर दिया गया है। वहां पर कक्षायें लगेंगी नहीं अब यहां के बच्चों को कहां बिठायेंगे यह शिक्षकों के लिए बड़ी समस्या से कम नहीं है।

# उधारी मांगने पर व्यापारी से मारपीट, जान से मारने की धमकी

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस सराफा बाजार मेन रोड में उधारी के पैसे मांगने पर दो भाइयों ने सराफा व्यापारी के साथ मारपीट कर दी। घायल व्यापारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। फरियादी ने बताया कि वह सराफा बाजार मेन रोड गोटेगांव में रहता है और उसकी सोना-चांदी की दुकान है। उसकी दुकान के सामने ही रितिक जैन की किराना दुकान एवं घर है। रितिक जैन उनकी दुकान से सोने-चांदी का सामान ले गया था। शाम करीब 8 बजे फरियादी रितिक की दुकान पर उधारी के पैसे मांगने गया। रितिक ने पैसे न होने की बात कही। इस पर फरियादी ने सामान वापस करने को कहा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि रितिक जैन और उसका बड़ा भाई रोहित जैन फरियादी को गंदी-गंदी गालियां देने लगे। मना करने पर रितिक ने दुकान में रखे बेसबॉल के डंडे से और रोहित ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। हमले में फरियादी के सिर, माथे और दाहिने कंधे पर चोट आई। सिर से खून निकलने लगा। घटना को महेश सोनी एवं विनीत पटेल ने देखा-सुना है। फरियादी के अनुसार जाते समय दोनों आरोपियों ने धमकी दी कि आज तो बच गया, दोबारा पैसे मांगे तो जान से खत्म कर देंगे। पीड़ित व्यापारी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं उक्त मारपीट मामले में फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।




## 21 जून को जिला स्तरीय योग संगम कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि मप्र शासन एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय नरसिंहपुर स्थित नरसिंह मंदिर प्रांगण में 21 जून 2026 को योग संगम कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 6 बजे से प्रात: 07:40 बजे तक किया जाएगा। जिले के जनप्रतिनिधियों, समस्त अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठनों, योग संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की गई है। उन्होंने योग संगम कार्यक्रम के लिए वेबसाइट https://yoga.ayush.gov.in/yoga-sangam पर जाकर पंजीयन कराने का अनुरोध किया है। साथ ही कार्यक्रम आयोजन उपरांत प्रत्येक संस्था द्वारा प्रतिभागियों की संख्या एवं कार्यक्रम संबंधी जानकारी गूगल सीट है।

# दो वार्डों में 5 दिनों से पानी की सप्लाई ठप, वार्डवासी परेशान

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के दो वार्डों में पिछले 5 दिनों से पानी की सप्लाई न होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में पानी न मिलने से वार्डों में हाहाकार मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार जागृति नगर भगतसिंह वार्ड, जागृति नगर एवं ठाकुर बाबा वार्ड में पिछले कुछ दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है। वार्डवासियों का कहना है कि पिछले 6 दिनों से मोटर खराब हो जाने के कारण घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इससे रोजमर्रा के कामों में काफी दिक्कत हो रही है। वार्डवासियों ने बताया कि इसकी शिकायत वार्ड पार्षद एवं नगर पालिका को की गई है।



लेकिन लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। पानी न आने से लोग दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए वार्डवासियों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मोटर सुधरवाकर पानी की सप्लाई शुरू की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### इनका कहना है

जानकारी प्राप्त हुई है पानी की मोटर जल जाने के कारण वार्डों में सप्लाई नहीं पहुंच रही है लेकिन उसे जल्द ही सुधार कार्य कराकर पानी सप्लाई को सुचारू रूप से चालू किया जाएगा।

**-सत्येंद्र सालवार,** सीएमओ

# महत्वपूर्ण सरकारी रिकॉर्ड रद्दी की तरह पड़े

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर में क्षतिग्रस्त तहसील कार्यालय भवन को तोड़ने का कार्य जारी है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि यहां कमरों में रखे विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी रिकॉर्ड को सुरक्षित जगह शिफ्ट नहीं किया गया है। न तो अधिकारियों ने इस ओर ध्यान दिया है और न ही तोड़ने वाले ठेकेदार ने रिकॉर्ड की सुरक्षा का इंतजाम किया। नतीजा यह है कि सरकारी दस्तावेज रद्दी की तरह कमरों में बिखरे पड़े हैं। अधिकारियों की अनदेखी के चलते टूट रही तहसील के कमरों से कागजातों को किसी सुरक्षित जगह पर नहीं रखा गया है। तहसील तोड़ने के दौरान उड़ रही धूल-मिट्टी, मलबे और बारिश की संभावना से महत्वपूर्ण रिकॉर्ड खराब होने का खतरा बढ़ गया है। इन दस्तावेजों में राजस्व, भूमि और आम नागरिकों से जुड़े कई अहम कागजात शामिल हो सकते हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर सभी सरकारी रिकॉर्ड को सुरक्षित स्थान पर रखवाए, ताकि भविष्य में लोगों को परेशानी न हो।





## सड़क मार्ग एवं भूमिगत खुदाई कार्यों को 18 से 22 जून तक प्रतिबंधित किया

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने लोकहित एवं अतिविशिष्ट सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जबलपुर, गोटेगांव, छिंदवाड़ा, नागपुर ओ. एफ. सी. मार्ग में जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत आने वाले समस्त राष्ट्रीय राजमार्ग (एन. एच. ए. आई.), मप्र सड़क विकास निगम (एम.पी.आर.डी.सी.), लोक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यू.डी.), मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल निगम, गैस पाइप लाइन, सीवर लाइन, म. प्र. पू. क्षे. वि. वि. कं. लि., नगर पालिकाओ,नगर परिषदों और निजी टेलीकॉम ऑपरेटरों द्वारा किए जा रहे सभी प्रकार के सड़क मार्ग एवं भूमिगत खुदाई कार्यों को 18 से 22 जून तक तत्काल प्रभाव से पूरी तरह प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। इस अवधि में कोई भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग या निजी एजेंसी नई खुदाई का कार्य प्रारंभ नहीं करेगा।

### एक नजर में

## आधी रात को कमरे से गायब हुई 9वीं की छात्रा, अपहरण की आशंका

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत गंगासागर एकता चौक के पास रहने वाली एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। घटना के समय छात्रा अपने माता-पिता और छोटी बहन के साथ एक ही कमरे में सो रही थी। परिजनों ने अज्ञात पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर अगवा कर ले जाने का संदेह जताया है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गंगासागर निवासी 47 युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात करीब 11 बजे वे अपनी पत्नी, बड़ी 14 वर्ष और छोटी बेटी 10 के साथ खाना खाकर एक ही कमरे में सोए थे। देर रात करीब 1:30 बजे जब अचानक आँख खुली, तो उन्होंने देखा कि 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली 14 वर्षीय बेटी बिस्तर पर नहीं थी। बेटी के अचानक गायब होने से घबराए पिता ने तुरंत अपनी पत्नी को जगाया। दोनों ने मिलकर आधी रात को ही घर के आसपास, गली-मोहल्ले और रिश्तेदारों के यहाँ ओजस्वी की काफी खोजबीन की। जब सुबह तक उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो बदहवास परिजन गढ़ा थाने पहुँचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने का मामला दर्ज कर लिया है।

## हथियारबंद बदमाशों ने लाइनमैन को घेर चाकू मार लूटा

**नवभारत, जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे एनएच 30 में देर रात ड्यूटी कर लौट रहे एक प्राइवेट लाइनमैन को हथियारबंद बदमाशों ने घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ वार किए और उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल सहित नगदी लूटकर फरार हो गए। घायल युवक आधी रात तक लहूलुहान हालत में खेत में बेहोश पड़ा रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मोहला निवासी अजीत कुमार पटेल (32) गोसलपुर पावर हाउस में प्राइवेट लाइनमैन है। मंगलवार रात लगभग 9 बजे वह मुस्करा में बिजली फॉल्ट ठीक करने गया था। काम खत्म करने के बाद वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड सी 9637 से गोसलपुर वापस लौट रहा था। रात लगभग 11:30 बजे, नेशनल हाईवे एनएच 30 से महज 200 मीटर पहले एक अनजान युवक ने हाथ देकर अजीत को रोका। अजीत ने जैसे ही गाड़ी रोकी, युवक ने तुरंत चाकू निकाल लिया और पैसे देने की धमकी दी। आरोपी ने अजीत की जेब में रखे 1200 और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। जब पीड़ित ने लूट का विरोध किया, तो आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। इसी बीच अंधेरे से निकलकर आरोपी के 2-3 अन्य साथी भी वहां आ धमके। खुद को घिरा देख अजीत अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगा, लेकिन बदमाशों ने उसे दौड़ाकर उसकी कमर पर चाकू से दूसरा वार कर दिया। इसके बाद बदमाश पीड़ित की मोटरसाइकिल लेकर भी रफूचक्कर हो गए। चारों तरफ अंधेरा होने के कारण पीड़ित आरोपियों के चेहरे ठीक से नहीं देख सका। वह जान बचाने के लिए रेंगते हुए पास के खेत की तरफ भागा, जहां अत्यधिक खून बहने की वजह से वह बेहोश हो गया। करीब 2 से 3 घंटे बाद जब उसे होश आया, तो वह किसी तरह घिसटते हुए हाईवे पर स्थित राजेश यादव की टायर पंचर दुकान पर पहुंचा और मदद मांगी। बुधवार सुबह पीड़ित लाइनमैन ने गोसलपुर थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस हुलिए और हाईवे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर लुटेरों की तलाश कर रही है।

## सिद्धघाट पर नर्मदा पूजन के दौरान महिला की डेढ़ तोला सोने की चेन पार

**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट के सिद्धघाट पर पूजन करने आई एक बुजुर्ग महिला के गले से चोर ने डेढ़ तोला सोने की चेन पर हाथ साफ कर दिया वारदात उस समय हुई जब पीड़िता अपने नाती के साथ पूजन कर रही थी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, रांझी के गोकलपुर में रहने वाली 56 वर्षीय श्रीमती सरस्वती बाई चौधरी सुबह करीब 11 बजे अपने नाती के साथ सिद्धघाट पहुंची थीं। वह गले में करीब डेढ़ तोला वजनी सोने की चेन पहने हुई थीं। घाट पर नर्मदा जी की पूजा-अर्चना के दौरान उनका ध्यान अचानक गले पर गया, तो उनके होश उड़ गए। गले में पहनी हुई सोने की कीमती चेन गायब थी। पीड़िता ने ग्वारीघाट थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# चीचली में कुक कम हेल्पर्स पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन आज

**नवभारत,गाडरवारा।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत चीचली द्वारा विकासखंड स्तरीय कुक कम हेल्पर्स पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन आज 19 जून को स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में कार्यरत कुक कम हेल्पर्स (रसोइया) भाग लेंगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, पौष्टिकता, स्वच्छता एवं स्वाद को बढ़ावा देना तथा कुक कम हेल्पर्स की पाक कला प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। प्रतिभागियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री से पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए जाएंगे। व्यंजनों का मूल्यांकन निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु जनपद पंचायत चीचली द्वारा जारी आदेश के तहत विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र राजपूत, सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों की विभिन्न कार्यों हेतु ड्यूटी लगाई गई।

# चीचली एवं बारहाबड़ा जन शिक्षा केंद्र की बैठक आयोजित

**नवभारत,गाडरवारा।** विगत दिवस चीचली विकासखंड के जन शिक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय में जन शिक्षा केंद्र चीचली एवं बारहाबड़ा के अधीनस्थ शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रधानपाठकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों से संबंधित विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विकासखंड एमआईएस को ऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर अभिषेक पाराशर ने स्कूल एमआईएस पोर्टल पर नामांकन, सिविल रिपोर्ट, शाला भवन अधोसंरचना, ड्रॉप बॉक्स, मैपिंग, यू-डाइस कार्य, पुस्तक वितरण फीडिंग तथा नामांकन संबंधी जानकारी निर्धारित समय-सीमा में पोर्टल पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर एवं विकासखंड अकादमिक समन्वयक अरुण दुबे ने कक्षा पहली एवं छठवीं में नवीन प्रवेश, आईगॉट कर्मयोगी प्रशिक्षण, अपार आईडी निर्माण, खाद्यान्न उठाव तथा निर्माण कार्यों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के समन्वयक सत्यम ताम्रकार ने मार्च माह में आयोजित असाक्षर परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणामों की पोर्टल फीडिंग की समीक्षा की।




## जल संकट के विरोध में ननि मुख्यालय में प्रदर्शन आज

**नवभारत, जबलपुर।** पूर्व पार्षद गोकलपुर राजेश यादव ने बताया कि उपनगरीय क्षेत्र रांझी और गोकलपुर में व्याप्त भीषण जल संकट के विरोध में आज दोपहर 12 बजे नगर निगम मुख्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। क्षेत्र के गोकलपुर वार्ड, अंबेडकर वार्ड, सुदर्शन वार्ड, चंद्रशेखर वार्ड और लालालाजपत राय वार्ड सहित संपूर्ण रांझी में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है। प्रशासन द्वारा निर्धारित एक समय की जल आपूर्ति भी पूरी तरह ठप हो चुकी है, जिससे मजबूर होकर नागरिकों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है या फिर उसे खरीदना पड़ रहा है। स्थानीय जनों का कहना है कि नगर निगम के टैंकरों के माध्यम से सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है और पानी बेचने की शिकायतें भी सामने आई हैं।

# पीआरओ के सूने मकान से लाखों के जेवरात और नकदी ले गए चोर

**मुंबई गया था परिवार, पड़ोसी की सूचना पर लौटे तो होश उड़े**

**नवभारत, जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत समता कॉलोनी अम्बेडकर कॉलोनी में चोरों ने पीआरओ के सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के वक्त पीड़ित परिवार अपनी बेटी से मिलने मुंबई गया हुआ था। पड़ोसी की सूचना पर लौटे पीड़ित ने जब घर की हालत देखी, तो उनके होश उड़ गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, समता कॉलोनी निवासी शरद आचार्य (66) विजयनगर स्थित नचिकेता स्कूल में जनसंपर्क अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। वे बीते 23 मई को शाम करीब 6 बजे अपने घर का ताला बंद कर परिवार सहित मुंबई अपनी बेटी स्वर्णिमा आचार्य के घर गए थे। पूरा परिवार करीब पखवाड़े भर से मुंबई में ही था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। शरद आचार्य के पड़ोसी ने उन्हें मोबाइल पर सूचना दी कि उनके घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है और ताला टूटा पड़ा है। चोरी की खबर मिलते ही पीड़ित परिवार मुंबई से रवाना हुआ और जबलपुर पहुंचा। पीड़ित ने घर आकर देखा तो मुख्य द्वार समेत अंदर के कमरों के ताले टूटे हुए थे। कमरों के भीतर सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने बेडरूम में रखी अलमारी का लॉक कटर से काटा और उसमें रखे कीमती जेवरात समेट लिए। चोरी गए सामान में सोने की दो जोड़ी झुमकी, सोने के दो जोड़ी टॉप्स, एक कीमती डायमंड सेट, चांदी की दो जोड़ी पायल अन्य सोने-चांदी के आभूषण और नगदी शामिल हैं। पीड़ित शरद आचार्य की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कॉलोनी और मुख्य रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

# उड़ानों में कटौती पर वायुसेवा संघर्ष समिति ने जताई चिंता

**इंडिगो प्रबंधन को ज्ञापन भेज की गई मांग**

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर एवं महाकौशल क्षेत्र की वायु संपर्क सुविधाओं को प्रभावित करने वाली इंडिगो एयरलाइंस द्वारा मुंबई एवं बैंगलुरू की उड़ानों की संख्या में की गई कटौती पर वायुसेवा संघर्ष समिति ने गहरी चिंता व्यक्त की है। समिति ने इस संबंध में इंडिगो एयरलाइंस के प्रबंध निदेशक को विस्तृत ज्ञापन प्रेषित कर निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। साथ ही मैनेजमेंट से चर्चा कर स्थिति को यथावत रखने आग्रह किया है।

समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने कहा कि जबलपुर महाकौशल क्षेत्र का प्रमुख औद्योगिक, व्यापारिक, शैक्षणिक, चिकित्सा एवं रक्षा केंद्र है। देश के विभिन्न महानगरों से इसकी नियमित हवाई कनेक्टिविटी क्षेत्र के आर्थिक विकास, निवेश, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उड़ानों की संख्या में कमी से यात्रियों को असुविधा होने के साथ-साथ क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।




### महाकौशल का प्रवेश द्वार है जबलपुर

ज्ञापन में ये भी कहा गया है कि जबलपुर से मुंबई एवं बेंगलुरु जैसे महत्वपूर्ण गंतव्यों के लिए पर्याप्त उड़ान सेवाएं उपलब्ध रहना आवश्यक है। वर्तमान में उड़ानों की संख्या कम होने से यात्रियों के विकल्प सीमित होंगे तथा हवाई किरायों में वृद्धि की संभावना भी बढ़ेगी। समिति ने यह भी सुझाव दिया है कि एयरलाइन कंपनी स्थानीय उद्योग एवं व्यापार संगठनों के साथ संवाद स्थापित कर वास्तविक यात्री मांग का मूल्यांकन करे तथा आगामी त्योहारी एवं व्यावसायिक सीजन को देखते हुए उड़ानों की संख्या में वृद्धि की कार्ययोजना तैयार करे। हिमांशु खरे ने कहा कि जबलपुर केवल एक शहर नहीं, बल्कि सम्पूर्ण महाकौशल क्षेत्र का प्रवेश द्वार है।

# शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया शौर्य स्तंभ का लोकार्पण

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम के समीप वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 10 फीट ऊंची अष्टधातु से निर्मित भव्य प्रतिमा का अनावरण वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामय समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल थे, जिन्होंने पर्दा हटाकर इस कलात्मक शौर्य स्तंभ का अनावरण किया।

इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बनने के लिए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, विधायक महेंद्र नागेश सहित राजपूत क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और गोटेगांव, नरसिंहपुर, करेली व गाडरवारा सहित समूचे अंचल के सैकड़ों गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में आम जन उपस्थित रहे। इस दौरान संपूर्ण कार्यक्रम स्थल जय राजपूताना और वीर महाराणा प्रताप अमर रहें, के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। उपस्थित जनों ने वीर शिरोमणि के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रतिमा अनावरण के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने महाराणा प्रताप की जीवनी और उनके ऐतिहासिक संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राणा शब्द उस सर्वोच्च त्याग, संघर्ष और जन-कल्याण की भावना का प्रतीक है, जिसे उन्होंने जंगलों में रहकर और घास की रोटी खाकर भी मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवंत रखा। मंत्री पटेल ने युवाओं से विशेष आह्वान किया कि महाराणा प्रताप की जीवनी केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उनके स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के सिद्धांतों को अपने व्यावहारिक जीवन में उतारने की आवश्यकता है। अष्टधातु की इस भव्य प्रतिमा की स्थापना से समूचे क्षेत्र में भारी हर्ष का माहौल है। क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष ठाकुर इंद्र भूषण सिंह, तहसील अध्यक्ष द्वारका सिंह राजपूत और युवा अध्यक्ष राजेश राजपूत सहित प्रतिनिधियों ने इस शौर्य स्तंभ की स्थापना में सहयोग देने वाले सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भव्य प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को देश सेवा की निरंतर प्रेरणा देती रहेगी।



## छोटा हाथी से ढुल रही शराब पकड़ाई

**जबलपुर ।** अधारताल पुलिस ने अमखेरा में दबिश देकर छोटा हाथी से ढुल रही शराब पकड़ी है । साथ ही तस्कर को भी दबोचा है ।कार्रवाई के दौरान 90 कार्टून में 4500 पाव देशी शराब एवं शराब परिवहन में छोटा हाथी वाहन जप्त की गई।

## नाम परिवर्तन

**मैं** श्रीमती द्वारका बाई पांडे, पत्नी श्री अनुरुद्ध पांडे निवासी 11/76 ग्राम बरमान कला, तह. करेली, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.) सूचित करती हूं कि पूर्व में मुझे माया पांडे के नाम से जाना जाता था, अब मेरा नाम द्वारका बाई पांडे (Dwarka Bai Pandey) हो गया है. भविष्य में मुझे मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम श्रीमती द्वारका बाई पांडे (Dwarka Bai Pandey) लिखा और पढ़ा जायेगा.

R.N.- 62304